# **बीएचईएल को ओडिशा में 2400 मेगावाट का सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्रोजेक्ट स्थापित करने के लिए ईपीसी ऑर्डर मिला**

**नई दिल्ली, 17 जनवरी:** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले में इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) आधार पर 3x800 मेगावाट पिटहेड, ग्रीनफील्ड थर्मल पावर प्रोजेक्ट स्थापित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली (आईसीबी) के तहत एक प्रतिष्ठित ऑर्डर प्राप्त किया है। गौरतलब है कि प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से बीएचईएल द्वारा प्राप्त किया गया यह बिजली क्षेत्र का सबसे बड़ा ऑर्डर है।

बीएचईएल की तकनीकी और परियोजना निष्पादन क्षमताओं में विश्वास जताते हुए, एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) ने बीएचईएल को सुपरक्रिटिकल मापदंडों के साथ 2400 मेगावाट कोयला आधारित थर्मल पावर परियोजना स्थापित करने का अनुबंध सौंपा है।

ईपीसी अनुबंध के व्यापक दायरे में 3x800 मेगावाट थर्मल पावर प्रोजेक्ट के लिए बॉयलर, टर्बाइन, जनरेटर और अन्य सहायक प्रणालियों जैसे महत्वपूर्ण उपकरणों की इंजीनियरिंग, विनिर्माण, आपूर्ति, इरेक्शन और कमीशनिंग शामिल है। इस दायरे में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के दिशानिर्देशों को पूरा करने के लिए SOx, NOx और पार्टिकुलेट मैटर उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए बायोमास को-फायरिंग क्षमता वाले बॉयलर और अत्यधिक कुशल नवीनतम प्रदूषण नियंत्रण उपकरण भी शामिल हैं। यह परियोजना 64 महीनों के भीतर चालू हो जाएगी। चालू होने पर, यह संयंत्र देश में बिजली की भविष्य की बेस लोड आवश्यकता को पूरा करने में योगदान देगा।

प्रमुख उपकरण बीएचईएल के त्रिची, हरिद्वार, हैदराबाद, झाँसी, बेंगलुरु, रानीपेट , भोपाल, रुद्रपुर और वाराणसी संयंत्रों में निर्ृमित किए जाएंगे, वहीं सिविल कार्यों और उपकरणों के इरेक्शन और कमीशनिंग की जिम्मेदारी कंपनी के पावर सेक्टर - दक्षिणी क्षेत्र की होगी।

बीएचईएल की एनएलसीआईएल के साथ लंबे समय से साझेदारी रही है और कंपनी ने एनएलसीआईएल के 77% कोयला/लिग्नाइट-आधारित पावर स्टेशन स्थापित किए हैं, जिनकी कुल क्षमता 3,590 मेगावाट है। इनमें 125 मेगावाट, 210 मेगावाट, 250 मेगावाट और 500 मेगावाट रेटिंग के लिग्नाइट-आधारित सेट शामिल हैं।

बीएचईएल देश में विद्युत उत्पादन उपकरणों का सबसे बड़ा निर्माता है और ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के देश के लक्ष्य को पूरा करने में एक प्रमुख भागीदार रहा है। कंपनी देश में सबक्रिटिकल और सुपरक्रिटिकल दोनों सेगमेंट में मार्केट लीडर है। इस ऑर्डर के साथ, बीएचईएल ने 65 सुपरक्रिटिकल स्टीम जेनरेटर (एसजी) और 60 सुपरक्रिटिकल स्टीम टर्बाइन जेनरेटर (एसटीजी) के लिए ऑर्डर हासिल कर लिया है - जो किसी भी विद्युत उपकरण निर्माता द्वारा देश में सबसे अधिक है।

बीएचईएल अपनी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के साथ भारत की भविष्य में विद्युत उपकरणों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

**********